जनता दरबार में डीएम ने की 28 मामलों की सुनवाई

बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय स्थित सभागार में आज आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे कुल 28 फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह के समक्ष रखीं। जन-सुनवाई के दौरान डीएम ने सभी की शिकायतों को बेहद गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के कड़े निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान गिरियक अंचल के पुरैनी पंचायत अंतर्गत पुरैनी गांव के वार्ड संख्या-3 के ग्रामीणों ने मुख्य सड़क से उनके मोहल्ले को जोड़ने वाला सार्वजनिक रास्ता रोके जाने की गंभीर शिकायत दर्ज कराई। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने ग्रामीण विकास विभाग, बिहारशरीफ के कार्यकारी अभियंता को स्थल की जांच कर रास्ता खुलवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी कि जनता दरबार में आने वाली हर एक शिकायत की गंभीरता से भौतिक जांच कराई जाए और एक तय समय-सीमा के भीतर मामलों का नियमानुसार निपटारा सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

उद्योग वार्ता में डीएम ने उद्यमियों को सरकारी सहायता की दी जानकारी

बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय कक्ष में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में 'उद्योग वार्ता' बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य केंद्रबिंदु नूरसराय क्षेत्र में कृषि यंत्र निर्माण उद्योग को बढ़ावा देना और वहां एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक कृषि यंत्र क्लस्टर स्थापित करना रहा।

बैठक का प्रमुख उद्देश्य नूरसराय में पहले से संचालित हो रही कृषि यंत्र निर्माण इकाइयों को संगठित करना, स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाना और क्षेत्र में औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित करना है। बैठक के दौरान नूरसराय के स्थानीय कृषि यंत्र निर्माताओं और उद्योग प्रति. निधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और क्लस्टर निर्माण को लेकर अपनी व्यावहारिक समस्याओं, जरूरतों तथा मूल्यवान सुझावों से जिलाधिकारी को अवगत कराया।



जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे उद्योग प्रतिनिधियों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें और कृषि यंत्र क्लस्टर के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाएं। बैठक में उपस्थित जिला उद्योग केंद्र के महाप्र. बंधक सह समन्वयक धनजी कुमार ने क्लस्टर गठन के फायदों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे स्थानीय निर्माताओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर बुनियादी ढांचा, सुलभ ऋण और वित्तीय सहायता के साथ-साथ एक बड़ा बाजार उपलब्ध हो सकेगा। इससे न केवल कृषि यंत्र निर्माण उद्योग को एक नई पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

इस उच्चस्तरीय बैठक में उप विकास आयुक्त सारा अशरफ, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सह समन्वयक धनजी कुमार, नूरसराय कृषि यंत्र निर्माता प्रतिनिधि राज. ेश विश्वकर्मा, श्रम अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चीफ मिनिस्टर फेलो सहित विभिन्न विभागों के अन्य प्रमुख अधिकारी और उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दो दिवसीय कला उत्सव संपन्न

बिहारशरीफ। नेशनल हाईस्कूल, शेखाना में आयोजित दो दिवसीय जिलास्तरीय कला उत्सव गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर के बाल कलाक. ारों ने नाटक, गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला और मूर्तिकला जैसी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। भक्ति और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने वहां मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया।



समग्र शिक्षा के डीपीओ भोला कुमार कर्ण ने बताया कि नाटक विधा में गिरियक के सरस्वती विद्या निकेतन की रिमझिम आर्य की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि समूह गायन में सुहानी की टीम विजेता रही। इसके अलावा शास्त्रीय गायन में जमुआवां हाईस्कूल की ज्योति कुमारी प्रथम रहीं। नाटक में पीएल साहू हाईस्कूल के सुधांशु कुमार द्वितीय और हिलसा के रामबाबू हाईस्कूल की ऐश्वर्या कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। ताल वाद्य में रसायबिगहा स्कूल के शुभम कुमार मिश्रा ने बाजी मारी।

नृत्य प्रतियोगिता में अस्थावां के मोहम्मदपुर हाईस्कूल की निशा कुमारी ने एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि समूह नृत्य में पुरैनी हाईस्कूल की आरती कुमारी की टीम अव्वल रही। मूर्तिकला में रसलपुर स्कूल की प्रीति कुमारी, चित्रकला में बड़ी पहाड़ी हाईस्कूल के अभिजीत कुमार और खेल-खिलौना विधा में घोसरावां स्कूल के अमित कुमार प्रथम स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजीत कुमार शर्मा ने किया, जबकि सहायक प्रबंधन की जिम्मेदारी विजय कुमार सिंह और ओंकार कुमार ने संभाली। इन विभिन्न विधाओं में चयनित सभी प्रथम विजेता अब आगामी राज्यस्तरीय कला उत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

नालंदा के 1.77 लाख लाभुकों के खाते में हस्तांतरित की गयी पीएम किसान सम्मान निधि की राशि

बिहारशरीफ। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और खेती-किसानी को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आज 24वीं किस्त की राशि सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण चरण में नालंदा जिले के कुल 1,77,401 किसान लाभान्वित हुए हैं, जिनके खातों में कुल 35 करोड़ 48 लाख 2 हजार रुपये की राशि भेजी गई है।

इस योजना के तहत मिलने वाली यह आर्थिक सहायता किसानों को कृषि कार्यों के संचालन तथा खेती से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ा सहयोग प्रदान करेगी। इस अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों के कृषि कार्यालयों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नालंदा जिले से कुल 6,300 किसान जुड़े। इन कार्यक्रमों के दौरान कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने किसानों को इस किस्त के जारी होने की जानकारी देने के साथ-साथ सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों (प्रत्येक 2,000 रुपये) में सीधे उनके बैंक खातों में दी जाती है।

जदयू ने मनाया 23वां स्थापना दिवस

बिहारशरीफ। जनता दल (यूनाइटेड) का 23वाँ स्थापना दिवस 30 अक्टूबर 2026 को नालंदा जिला जदयू कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी की ऐतिहासिक यात्रा, समाजवादी विचारधारा और बिहार में हुए सामाजिक एवं विकासात्मक बदलावों को स्मरण करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में शुरू हुई विकास यात्रा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, कानून-व्यवस्था और ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। बालिका साइकिल योजना, पंचायतों और सरकारी नौकरियों में महिलाओं को क्रमश: 50 प्रतिशत व 35 प्रतिशत आरक्षण, जीविका स्वयं सहायता समूह, सात निश्चय योजना, हर घर बिजली, हर घर नल का जल तथा जल-जीवन-हरियाली जैसी कल्याणकारी पहलों ने राज्य में सामाजिक सशक्तिकरण और विकास को नई गति प्रदान की है। इसके साथ ही, बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरुद्ध चलाए गए अभियानों ने सामाजिक सुधार को शासन की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रखा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मो. अरशद, नगर अध्यक्ष प्रदुमन कुमार, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, विनोद प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार, भवानी सिंह, निशांत कुमार, शशि भूषण प्रसाद, राजेंद्र कुशवाहा, कुमार मंगलम, अम्ब्रीश कुमार, अजय कुमार पटेल, श्रवण कुमार, बंटी कुमार, अर्जुन गुप्ता, जनार्दन पंडित, अनीता सिंहा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और पार्टी के स्थापना काल से जुड़े अनेक वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एआई से अश्लील तस्वीर बनाकर छात्रा को किया ब्लैकमेल

100 ग्राम सोना, 800 ग्राम चांदी और 70 हजार नगद वसूली के मामले में हरनौत थाना में एफआईआर

बिहारशरीफ। हरनौत थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज और गंभीर मामला प्रकाश में आया है, जहां ऑनलाइन क्लास के दौरान हुई पहचान के बाद एक युवक ने एआई तकनीक का दुरुपयोग कर छात्रा की अश्लील तस्वीरें तैयार कीं और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर उससे लाखों रुपये के जेवरात और नकदी ठग ली। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर हरनौत थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार, हरनौत थाना क्षेत्र के लोहरा गांव निवासी पीड़ित छात्रा 'टारगेट बोर्ड' ऑनलाइन क्लास से पढ़ाई करती थी। इसी दौरान अरवल जिले के एक युवक ने बिट्टू कुमार उर्फ समर के नाम से टेलीग्राम के जरिए उससे संपर्क बढ़ाया और दोस्ती कर ली। छात्रा का आरोप है कि लगभग छह महीने पहले उसने घरेलू कपड़ों में अपनी एक तस्वीर साझा की थी। आरोपी ने उसी फोटो का गलत इस्तेमाल करते हुए एआई तकनीक के जरिए उसे अश्लील फोटो में बदल दिया और टेलीग्राम पर भेजकर उसे लगातार डराने-धमकाने लगा। छात्रा ने बताया कि बीते 30 सितंबर को आरोपी ने पीड़िता को बिहारशरीफ के रामचंद्रपुर मिलने के लिए बुलाया। डर के मारे छात्रा गुप्त रूप से उससे मिलने पहुंच गई, जहां आरोपी ने उसे धमकाया कि अगर वह घर से सारे जेवर और नकदी नहीं लेकर आई, तो वह उसकी अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और उसके पिता को गोली मार देगा। लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक प्रताड़ना से घबराकर पीड़िता ने बीते 16 अक्टूबर को शाम 4 से 5 बजे के बीच लोहरा से पतासिरिया होते हुए हरनौत जाने वाले रास्ते पर आरोपी को अपने परिवार की बहुमूल्य संपत्ति सौंप दी। उसने अपनी दो शादीशुदा बड़ी बहनों और माता के पैतृक जेवरात-कुल 100 ग्राम सोना, 800 ग्राम चांदी तथा 70 हजार रुपये नकद आरोपी के हवाले कर दिए। 18 अक्टूबर को जब पीड़िता की माता ने बक्सा खोला तो उसमें से सारे जेवरात गायब मिले, जिससे वह सदमे में आकर बेहोश हो गईं। होश आने पर छात्रा ने रोते हुए अपनी मां को पूरी आपबीती सुनाई। आरोप है कि इसके बाद भी 19 अक्टूबर को आरोपी ने छात्रा को दोबारा अश्लील फोटो भेजकर प्रताड़ित किया और पुलिस या प्रशासन को सूचना देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस संबंध में हरनौत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई तेजी से की जा रही है।

ट्रक की टक्कर से चार किसान गंभीर रूप से जख्मी

बिहारशरीफ। दीपनगर थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर महानंदपुर गांव के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप वाहन में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार चार किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। ये सभी किसान अपनी फसल (मिर्च) बेचने के लिए रामचंद्रपुर बाजार समिति आ रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल वहां उनका इलाज चल रहा है। घायल किसानों की पहचान सिलाव प्रखंड के नानंद गांव निवासी आदित्य प्रसाद, सुनील, सूर्यमणि कुमार और हरि प्रसाद के रूप में हुई है। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की पहचान की जा रही है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

अर्णव तूफान का नालंदा में भी कहर

जिले में लगभग 20 हजार हेक्टेयर धान और 600 हेक्टेयर सरसो की फसल तबाह

बिहारशरीफ। बंगाल की खाड़ी में उठे 'अर्णव' तूफान ने नालंदा जिले के किसानों की कमर तोड़ दी है। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश और ठंडी हवाओं के कारण खेतों में पककर तैयार धान की फसल जमीन पर बिछ गई है, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई हैं। लगातार तीन दिनों से धूप न निकलने और खेतों में जलभराव के कारण अन्नदाता खून-पसीने की कमाई बर्बाद होते देख कलेजा पीटने को मजबूर हैं।



फसल को भारी क्षति और अंकुरण का डर: किसानों के अनुसार, तूफान की वजह से जिले में करीब 20 हजार हेक्टेयर रकबे में धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। खेतों में गिरी फसल और कटाई के बाद सूखने के लिए छोड़े गए धान के पानी में भीगने से दाने काले पड़ने लगे हैं। किसानों को डर सता रहा है कि यदि जल्द धूप नहीं निकली, तो नमी के कारण बालियों में ही धान का अंकुरण शुरू हो जाएगा, जिससे उसकी गुणवत्ता और दाम दोनों गिर जाएंगे। इसके अलावा, राई और सरसों की खेती भी करीब 600 हेक्टेयर क्षेत्र में बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे किसानों को करोड़ों रुपये की आर्थिक क्षति की आशंका है।

रबी की बुआई और सब्जियों पर भी आफत : इस बेमौसम बारिश ने केवल खरीफ फसल को ही नहीं, बल्कि रबी की शुरुआती बुआई को भी गहरा जख्म दिया है। जिन खेतों में रबी के बीज डाले जा चुके थे, वहां जलभराव से बीज सड़ने और फंगस लगने का खतरा पैदा हो गया है। इसके साथ ही, एकंगरसराय और अस्थावां जैसे क्षेत्रों में पानी भरने से आलू, टमाटर, बैंगन, गोभी और मिर्च जैसी सब्जियों की जड़ें भी गलने लगी हैं, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत पानी में फिर गई है।

फसल क्षति के आकलन का निर्देश : जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. नितेश कुमार ने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों और पंचायत कर्मियों को खेतों में जाकर फसल नुकसान का तत्काल जायजा लेने का निर्देश दिया है। अधिकारियों से जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी गई है ताकि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की दिशा में आगे की कार्रवाई की जा सके।

पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई

बिहारशरीफ। जदयू के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज चौहान ने पार्टी के सभी शीर्ष नेतृत्व, सम्मानित जनप्रति. निधियों और देवतुल्य कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर जदयू की नीतियों, सिद्धांतों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया है तथा सामाजिक न्याय, सद्भाव, विकास और सुशासन की विचारधारा को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया है। श्री चौहान ने कहा कि संगठन की एकता, अनुशासन और समर्पण ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के ओजस्वी मार्गदर्शन एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के कुशल नेतृत्व में जदयू आने वाले समय में नई ऊँचाइयों को छुएगी और बिहार के विकास तथा जनसेवा के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाएगी।

ऑल इंडिया एनसीसी ट्रैकिंग कैंप में देश के 515 कैडेट्स ले रहे हैं हिस्सा

बिहारशरीफ। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय एकता, साहसिक गतिविधियों, अनुशासन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के उद्देश्य से 'ऑल इंडिया राजगीर ट्रैकिंग कैंप' का भव्य शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित ट्रैकिंग कैंप में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 515 एनसीसी कैडेट पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। इस शिविर में ओडिशा, पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्य, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के कैडेट शामिल हैं।

कैंप कमांडेंट कर्नल अजय कुमार ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि युवाओं में चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने का एक सशक्त मंच है। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में सूबेदार मेजर ललिंद्र टिग्गा, 38 बिहार बटालियन के सभी जेसीओ, एनसीओ, एनसीसी पदाधिकारी मधु कांत सहित विभिन्न राज्यों से पधारे एनसीसी अधिकारी सक्रिय रूप से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं और कैडेटों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

झाड़ी में छिपाकर रखी शराब बरामद

हरनौत (नालंदा) (संसू)। पावापुरी थाना क्षेत्र के पोखरपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 22.5 लीटर अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की। शराब गांव में एक घर से करीब 50 मीटर दूर खेत की झाड़ी में छिपाकर रखी गई थी। पुलिस को देखते ही मौके पर मौजूद सोनू चौधरी अपनी पल्सर-220 बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के मुता. बिक, 28 अक्टूबर की रात चलाए गए अभियान में मैजिक मोमेंट वोडका की 13 बोतलें, किंगफिशर कंपनी की 24 कैन बीयर और 750 एमएल की एक अन्य वोडका बोतल बरामद की गई। घटनास्थल से बाइक भी जब्त की गई है। पुलिस फरार युवक की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। इस संबंध में पावापुरी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक विमल कुमार तिवारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

आईटीआई कल्याण बिगहा में आयोजित रोजगार कैंप में 10 युवाओं का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

हरनौत (नालंदा) (संसू)। स्थानीय प्रखंड के कल्याण बिगहा गांव स्थित आईटीआई परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन किया गया। एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सीएसटीआई) बेंगलुरु द्वारा आयोजित इस कैंपस प्लेसमेंट में 25 बेरोजगार युवकों ने भाग लिया, जिसमें से 10 युवकों का चयन किया गया।



कैंप के आयोजक उमेश कुमार ने बताया कि चयनित युवाओं को बेंगलुरु स्थित एलएंडटी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में विभिन्न ट्रेडों-मेसनरी, बार बेंडिंग, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबिंग सहित अन्य ट्रेडों में 100 प्रतिशत नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने, यूनिफॉर्म, जूता एवं सुरक्षा उपकरण की सुविधा कंपनी द्वारा नि:शुल्क दी जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत सभी युवाओं को एलएंडटी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कंपनी में ही जॉब दिया जाएगा, जिसमें प्रथम वर्ष 18 हजार एवं द्वितीय वर्ष 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन के साथ आवास की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चयन के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई पास तथा उम्र 18 से 35 वर्ष निर्धारित थी। चयनित युवाओं को जल्द ही बेंगलुरु के लिए रवाना किया जाएगा।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ
अरण्य विहार, सिपाह, पटना-राँची रोड वाईपास, थाना-दीपनगर, बिहारशरीफ-803216

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नालंदा वन प्रमंडल, बिहारशरीफ के राजगीर विशेष प्रक्षेत्र अंतर्गत संचालित जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा सं० 16/2026-27 (PR No- 013500 (Forest) 2026-27) प्रकाशित की गई थी, जिसके खुलने की तिथि 30.10.2026 निर्धारित थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा रद्द की जाती है।

जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु नई निविदा ई-प्रोक्योरमेंट (e-proc-2) पोर्टल के माध्यम संपन्न कराये जाने की सूचना से पुनः प्रकाशित की जाएगी।

(राजकुमार एम)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ

PR- 014568 (Forest) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

समाहरणालय, बक्सर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
बाल कल्याण समिति,
बक्सर के आदेशानुसार गुमशुदा बालिका की सूचना

नाम : आयुषी (काल्पनिक नाम) — रंग : गोरा
उम्र : 04 दिन (उपस्थापन तिथि को) — माता/पिता-अज्ञात
प्राप्ति तिथि/स्थल : ग्राम-करैला, थाना-धनसोई, जिला-बक्सर।
समिति के समक्ष उपस्थापन की तिथि-29.09.2026
(वर्तमान में बालिका विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, बक्सर में आवासित है)



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित बच्चे के माता-पिता/अभिभावक/परिजन बच्चे की प्रेस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ अपना दावा कार्यालय विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान/बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर, बिहार (सम्पर्क न0-9939679408, 9709661625 एवं ई0मेल-adcpubuxar01@gmail.com) के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त वर्णित समयाविधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा और बालिका को दत्तकग्रहण विनियम 2022 (अन्य प्रावधान्वित निदेशों सहित) के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद देने हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014460 (B&C) 2026-27

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बक्सर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
जिला खनन कार्यालय, मधुबनी
(जिला खनन कार्यालय)
आम सूचना

सभी जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लघु खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध देवधा थाना काण्ड सं०-84/2026 में जे०सी०बी० (लोडर) जिसका इंजन संख्या-**H00030423**, चेसिस संख्या-**1487643 F 2012,** निबंधन संख्या अंकित नहीं को जब्त कर देवधा थाना में रखा गया है। उक्त वाहन स्वामी से संबंधित विवरणी **वाहन पोर्टल 4.0** पर नहीं पाया गया तथा वर्त्तमान तक किसी व्यक्ति विशेश द्वारा वर्णित वाहन पर स्वामित्व (मालिकाना) का दावा नहीं किया गया है।

अतः जन साधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित वाहन स्वामी सात दिनों के अन्दर जिला खनन कार्यालय, मधुबनी में वाहन स्वामित्व संबंधित दस्तावेज समर्पित करें, अन्यथा उपरोक्त वाहन पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

समाहर्त्ता,
मधुबनी

PR. No. 014569 (Mines) 2026-27
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

विद्युत् कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत् भवन प्रमंडल-छपरा, भवन निर्माण विभाग
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-19 वर्ष 2026-2027

(1) विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : विद्युत् कार्यपालक अभियंता, विद्युत् भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, छपरा।
(2) परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय : 18.11.2026 अपराहन 3.00 बजे तक।
(3) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराहन 3.00 बजे तक।
(4) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराहन 3.30 बजे तक।
(5) परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा भवन निर्माण विभाग। (2) विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, पटना, भवन निर्माण विभाग। (3) विद्युत् भवन प्रमंडल, मोतिहारी भवन निर्माण विभाग।
(6) निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुसार
(7) कार्य की विवरणी :

क्रम सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	आपूर्ति/कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Provision to UPS Wiring for Computer, Display and Computer Wiring for Scanning & Digitization Centre in New 16 Court (G+5) Civil Court Siwan, Distt: Siwan .	13,99,301.00	28,000.00	2500.00	30 दिन

विद्युत् कार्यपालक अभियंता
विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा

PR- 014509 (BCD) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-06/वर्ष 2026-27
(केवल ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता: कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि: दिनांक-27.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड आरंभ करने की तिथि:- दिनांक-04.11.2026 को 10:30 बजे पूर्वाहन से दिनांक-06.11.2026 को 4:00 अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समयः- दिनांक-06.11.2026 को 4:00 अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक-06.11.2026 को 5.00 बजे अपराहन् में। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी:-

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस अन्य	कार्य समाप्ति की अवधि (दिन में)
1	2	4	5	6	7	8
1	PROVIDING TEMPORARY WATER SUPPLY & SANITARY FACILITIES INCLUDING REPAIR AND MAINTENANCE WORK AT VERIOUS PLACES IN SONPUR MELA AREAS ON OCASSION OF SONEPUR MELA-2026 / Supplying all materials labours ,tools and tackles for constructing Exihibition stall of size 30'-0'' x 50'-0'' with VIP Rest room with toilet cum- washroom, LED Screen, Sound System walk way etc and other in sonepur mela at Nkhash etc all complete.	9.95430	20000.00	1250.00	As per online	15 दिन

7. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी वीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
8. निविदा की वैद्यता की तिथि : निविदा खोलने की तिथि से 60 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा https://eadvtprd.bihar.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है।
10. ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को https://eproc2.bihar.gov.in पर पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्त्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password), अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ई-टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.014511 (PHED) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।